# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी बाप, फलोदी

**पीठासीन अधिकारी :— सुखाराम पिण्डेल (आर.ए.एस.)**

**राजस्व प्रकरण संख्या :— 219 / 2024** — **जी.सी.एम.एस. नम्बर :— 2024 / 219**

**दायर दिनांक :— 25.09.2024** — **निर्णय दिनांक :— 13.02.2025**

1. गणपतराम पुत्र बागाराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
2. बागाराम पुत्र केसराराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
3. मनोहरराम पुत्र बागाराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
4. सुखदेव पुत्र बगाराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
5. धापू पत्नी बागाराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी

**प्रार्थीगण**

**बनाम**

1. दलाराम पुत्र मेगाराम जाति जाट निवासी शिवसागर, चाखू तहसील घंटियाली जिला फलोदी
2. मोहनराम पुत्र तेजाराम जाति जाट निवसी घंटियाली तहसील घंटियाली जिला फलोदी
3. मोटाराम पुत्र चान्दाराम जाति जाट निवसी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
4. शान्ती पत्नी आशाराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
5. मानाराम पुत्र केसराराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
6. अर्जुनराम पुत्र रूगनाथराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
7. उगराराम पुत्र धूड़ाराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
8. केसाराम पुत्र धूड़ाराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
9. खेराजराम पुत्र रूगनाथराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
10. गेनाराम पुत्र रूगनाथराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
11. मीमो पत्नी रूगनाथराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
12. रूगनाथराम पुत्र धूड़ाराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
13. रामलाल पुत्र रूगनाथराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
14. लिछाराम पुत्र रूगनाथराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
15. जेठी पत्नी भूराराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
16. तुलछाराम पुत्र भूराराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
17. दुर्गाराम पुत्र भूराराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
18. नरूराम पुत्र भूराराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
19. प्रभूराम पुत्र भूराराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
20. सुगनाराम पुत्र भूराराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
21. गोपाराम पुत्र मूलाराम जाति भाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
22. गोमदराम पुत्र गोपाराम जाति भाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी

13/2/25

सहायक कलेक्टर
बाप (फलोदी)

23. फरसाराम पुत्र गोपाराम जाति भाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
24. मगाराम पुत्र गोपाराम जाति भाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
25. जसवन्ताराम पुत्र बीरूराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
26. अशोक कुमार पुत्र बाबूराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
27. प्रेमाराम पुत्र बाबूराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
28. बाबूराम पुत्र बीरूराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
29. अनोपाराम पुत्र अलसीराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
30. गवरी पत्नी अलसीराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
31. जवाहराराम पुत्र अलसीराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
32. तिलोकाराम पुत्र अलसीराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
33. राणाराम पुत्र अलसीराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
34. शेरूदेवी पुत्री अलसीराम जाति जाट निवासी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
35. ओमाराम पुत्र पदमाराम जाति जाट निवसी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
36. किशनाराम पुत्र पदमाराम जाति जाट निवसी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
37. चुतराराम पुत्र पमदाराम जाति जाट निवसी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
38. जियोदेवी पुत्री पदमाराम जाति जाट निवसी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
39. पुखराज पुत्र पदमाराम जाति जाट निवसी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
40. लिखमाराम पुत्र पदमाराम जाति जाट निवसी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
41. हरीराम पुत्र पदमाराम जाति जाट निवसी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
42. ईशाराम पुत्र पोकरराम जाति जाट निवसी शिवसागर तहसील घंटियाली जिला फलोदी
43. ग्राम पंचायत नारायणपुरा तहसील घंटियाली जिला फलोदी
44. राज्य सरकार जरिये तहसीलदार, घंटियाली तहसील घंटियाली जिला फलोदी

**अप्रार्थीगण**

**राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम**

**उपस्थित** :–1. श्री राजेन्दसिंह सोंलकी अधिवक्ता प्रार्थी
2. पैरोकार सरकार तहसीलदार घंटियाली

**–:: निर्णय ::–**

प्रार्थी ने राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 का इस आशय से पेश किया हैप्रार्थीगण सं. 1 ता 4 की संयुक्त खातेदारी अधिकारों की काश्त भूमि खसरा नम्बर 535/7 रकबा 12.9499 हैक्टेयर तथा प्रार्थीया सं. 5 की खातेदारी अधिकारों की काश्त भूमि खसरा नम्बर 865/535 रकबा 1.0746 हैक्टेयर तथा खसरा नम्बर 863/535 रकबा 0.7937 हैक्टेयर सरहद मौजा शिवसागर पटवार क्षेत्र नारायणपुरा तहसील घंटियाली जिला फलोदी में स्थित है। उक्त भूमि पर प्रार्थीगण का राजस्व रेकार्ड जमाबंदी अनुसार उक्त भूमि पर कब्जा व काश्त आज दिन तक लगातार शांतिपूर्वक चला आ रहा है और प्रार्थीगण ने अपने हिस्से की भूमि पर अपनी

सहायक कलेक्टर
बाप (फलोदी)

रहवासीय ढाणियां, पानी कि टांका, पशुओं का बाड़ा इत्यादि बना रखे है। उक्त रहवासीय ढाणी में प्रार्थीगण अपने परिवार सहित बारह ही मास निवास करते आ रहे है। प्रार्थीगण ने अपनी उक्त खातेदारी की भूमि की भूमि पैमाईश करवाने हेतु श्रीमान तहसीलदार साहब घंटियाली के समक्ष प्रार्थना पत्र पेश किया और तहसीलदार साहब (भू.अ.) घंटियाली ने क्रमांक 394 दिनांक 27.05.2024 को उक्त भूमि की पैमाईश करने के आदेश पटवारी हल्का को दिये। पटवारी हल्का उक्त आदेश की पालना में दिनांक 25.06.2024 को मौके पर जाकर प्रार्थीगण व पडौसी खातेदारों की उपस्थिति में उक्त भूमि की पैमाईश मुस्तकिल बिंदु से कर मौका फर्द तैयार कर प्रार्थीगण एवं अप्रार्थीगण सं. 1 ता 42 व उपस्थित मौतबीरान को पढ कर सुनाया गया। उक्त पैमाईश फर्द नियमानुसार तहसील कार्यालय में जमा करवा दी। प्रार्थीगण जब पैमाईश अनुसार अपनी भूमि के चारों ओर खूंटे रोपने लगी तो उक्त भूमि के पड़ौसी खातेदार अप्रार्थीगण सं. 1 ता 42 ने पैमाईश प्रार्थीगण की हद में खूंटे रोपने से मना कर दिया और उक्त पैमाईश को मानने से इन्कार कर दिया। प्रार्थीगण अपनी खातेदारी की उक्त भूमि में बरसात के मौसम में काश्त करते है तब उक्त भूमि के चारों ओर तारबंदी नहीं होने की वजह से प्रार्थीगण द्वारा की गई काश्त को आवारा पशुओं द्वारा नष्ट कर दिया जाता है और प्रार्थीगण को अपूरर्णीय क्षति हो रही है। इसलिये प्रार्थीगण ग्राम शिवसागर पटवार क्षेत्र नारायणपुरा तहसील घंटियाली जिला फलोदी के खसरा नम्बर 535/7 रकबा 12.9499 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 865/535 रकबा 1.0746 हैक्टेयर तथा खसरा नम्बर 863/535 रकबा 0.7937 हैक्टेयर भूमि की हुई भूमि पैमाईश अनुसार प्रार्थीगण अपनी हद में पत्थरगढी करवाना चाहता है। जिसका यह प्रार्थना पत्र पेश है।

प्रार्थना पत्र प्रस्तुत होने पर सिगेदार की रिपोर्ट ली गयी ओर प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये रजिस्टर्ड डाक के नोटिस से तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 44 पैरोकार सरकार तहसीलदार घंटियाली ने जवाब पेश किया जो शामिल पत्रावली किया गया। अप्रार्थी संख्या 1 ता 43 की और से कोई उपस्थित नहीं आये लिहाजा एक पक्षीय कार्यवाही की गई। पत्रावली बहस में रखी गई।

अधिवक्ता प्रार्थी ने अपनी बहस में प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए बताया कि प्रार्थी की खातेदारी भूमि ग्राम शिवसागर पटवार हल्का नारायणपुरा तहसील घंटियाली में खेत खसरा नम्बर 535/7 रकबा 12.9499 हैक्टेयर तथा खसरा नम्बर 865/535 रकबा 1.0746 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 863/535 रकबा 0.7937 हैक्टेयर स्थित है। उक्त भूमि पर प्रार्थी का अपने अपने हिस्से पर कब्जा व काश्त आज दिन तक लगातार शांतिपूर्वक चला आ रहा है उक्त भूमि के चारों ओर तारबंदी नहीं होने की वजह से प्रार्थी द्वारा की जा रही काश्त को आवारा पशुओं द्वारा नष्ट किया जा रहा है जिससे प्रार्थी को अपूरणीय क्षति हो रही है। इसलिये उक्त भूमि पैमाईश फर्द दिनांक 25.06.2024 अनुसार अपनी हद में पत्थरगढी किये जाने के आदेश फरमावे।

अधिवक्ता प्रार्थी की बहस सुनी गई बहस पर मनन किया गया तथा उपलब्ध दस्तावेजीय साक्ष्य का अवलोकन किया गया। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत जमाबन्दी, नक्सा ट्रेस एवं मौका फर्द

13/2/25

सहायक कलेक्टर
बाप (फलोदी)

अवलोकन किया गया। प्रार्थी की खातेदारी भूमि ग्राम शिवसागर पटवार हल्का नारायणपुरा तहसील घंटियाली में खेत खसरा नम्बर 535/7 रकबा 12.9499 हैक्टेयर तथा खसरा नम्बर 865/535 रकबा 1.0746 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 863/535 रकबा 0.7937 हैक्टेयर स्थित है। प्रार्थी वादग्रस्त भूमि का खातेदार है रेकर्डेड खातेदार को अपनी खातेदारी भूमि की पत्थर गढी करवाने का पूर्ण अधिकार है। इसलिए प्रार्थी पैमाईश फर्द दिनांक 25.06.2024 अनुसार पत्थरगढी करवाने के हकदार है। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दस्तावेजात से साबित होने के कारण स्वीकार किया जाना उचित समझते है।

## आदेश

प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाता है कि ग्राम शिवसागर पटवार हल्का नारायणपुरा तहसील घंटियाली में खेत खसरा नम्बर 535/7 रकबा 12.9499 हैक्टेयर तथा खसरा नम्बर 865/535 रकबा 1.0746 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 863/535 रकबा 0.7937 हैक्टेयर भूमि की पत्थर गड्ढी मौका फर्द दिनांक 25.06.2024 अनुसार पड़ोसी खातेदारों को सूचित करते हुवे किये जाने के आदेश दिये जाते है। प्रार्थी द्वारा नियमानुसार शुल्क अदा किये जाने पर तहसीलदार घंटियाली उक्त आदेश की पालना में विधिवत पत्थर गडढी करवावे। अगर आवश्यकता हो तो शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस इमदाद प्राप्त की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर, दर्ज नम्बर से कम हो, बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 13.02.2025 को लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(सुखाराम पिण्डेल, R.A.S.)
सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी
बाप (फलोदी)